Raga of the Month February 2022   Sarangangke Raga

सारंग अंगके राग

काफी थाट में छह रागांग सम्मिलित है, यह हमने देखा है। उनमें से काफी अंग और धनाश्री अंगके विशेषतोंकी चर्चा हमने की है। अब हम सारंग के बारे में जानकारी लेंगे। मधमाद सारंग का उल्लेख मध्यमादि या मध्यमावती इस नाम से पुराने ग्रंथों में पाया जाता है।

सारंग के प्रकारों में गंधार और धैवत अधिक तर वर्जित या दुर्बल होते हैं। रिषभ और पंचम प्रबल होते हैं। सारंग के सभी प्रकार दोपहर के समय गाए जाते हैं। सारंगअंग की विशेष स्वर संगतिया इस प्रकार है।

रे प , ^{प}म रे , ऩि सा, $^{सा}$ऩि सारेसा रे , म प, ^{प}म रे, सा, रे म प, $^{सां}$नि प, म प, ^{म}रे, सा

यहां एक प्रश्न मन में आता है। सारंग के कई प्रकारोंमें गंधार वर्जित और निषाद कोमल होता है।   फिर भी सारंग के राग खमाज थाट के बजाय काफी थाटमें क्यूं रखे हैं। भातखंडे संगीत पद्धति में और पंडित गिंडेजी ने लेक्चर डेमोमें इस विषय के बारे में निम्न विचार प्रकट किए हैं -

सारंग में षड्ज - मध्यम , मध्यम - कोमल निषाद संवाद महत्वपूर्ण है , तथा रिषभ महत्वपूर्ण स्वर है। खमाज रागमें रिषभ की तुलना में शुद्धगंधार महत्व का स्वर है। पंडित गिंडे जी ने लेक्चर डेमोमें गाकर यह फरक स्पष्ट किया है।

सारंगके प्रकार रात्रि के कानड़ा रागों के दोपहर के जवाब माने जाते हैं। इसके कारण भी कोमल गंधार का अस्तित्व हम समझ सकते हैं।

सारंगको काफी थाटमें रखना यह पुरानी प्रथा से सुसंगत है।

सारंग प्रकारों में वृंदावनी सारंग, मधमाद या मध्यमादि सारंग, बड़हंस सारंग, सामंत सारंग, शुद्ध सारंग, लंकादहन सारंग, मियांकी सारंग, अंबिका सारंग, धूलिया सारंग, नूर सारंग और मलुहा सारंग ऐसे ग्यारह प्रकार प्रचारमें हैं। राग शुद्ध सारंगमे काफी और कल्याणका मिश्रण है। पं. जयसुखलालजीके " सारंगके प्रकार " इस किताबमे तथा संकेत स्थल http://oceanofragas.com **मे सारंगके अन्य अप्रचलित रागोंकी जानकारी देख सकते हैं और ऑडियो सुन सकते हैं।**

आज के ऑडियो में पंडित के जी गिंडेजी ने लेक्चर डेमोमें प्रस्तुत की हुई सारंगकी जानकारी और राग मियांकी सारंग में एक बंदिश सुनेंगे और उसके बाद अन्तमे विदुषी सरदारबाई करजगीकरने गायी हुई मियाकी सारंग रागमे एक बंदिश सुनेंगे।

आभार- "रागांग राग विवेचन "; पंडित यशवंत महाले , श्री अजय गिंडे.

०१-०२-२०२२

Link to the list of 120+ Raga of the month articles

@ Archive of ROTM Articles   - http://oceanofragas.com/Raga_Of_Month_Alphabetically.aspx